नेत्र अस्पताल को मिली एंबुलेंस की सुविधा

चौपारण. बहेरा में संचालित नेत्र अस्पताल में बुधवार को क्विक हील टेक्नोलॉजी कंपनी के प्रमुख अजय सिरके ने एंबुलेंस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया. लोकनायक अस्पताल में नेत्र रोगियों के लिए कंपनी ने एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध करायी है. अजय सिरके ने कहा कि उनकी कंपनी सामाजिक सरोकार से जुड़ी है. नव भारत जागृति केंद्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी कंपनी भविष्य में भी अस्पताल संचालन में सहयोग करेगी. क्विक हील टेक्नोलॉजी लिमिटेड पुणे एवं महाराष्ट्र की सॉफ्टवेयर कंपनी है. संस्था के सचिव सतीश गिरजा ने कहा कि झारखंड एवं बिहार से अंधापन दूर करना उनकी संस्था का लक्ष्य है. मौके पर प्रबंधक गंधर्व गौरव उर्फ राहुल, डॉ आलोक कुमार, वीरेंद्र सिन्हा, संतोष कुमार, विक्रांत सिंह उपस्थित थे.